Title: Regarding stoppage of Train Nos.15655/15656 at Ghorasahan and Bairgania Railway Stations in Bihar - laid

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मैं केन्द्र सरकार का ध्यान पूर्व मध्य रेल जोन के सीतामढ़ी- नरकटियागंज रेलखंड पर अवस्थित घोड़ासहन और बैरगनिया रेलवे स्टेशन की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूँ। मेरे क्षेत्र अंतर्गत घोड़ासहन और बैरगनिया रेलवे स्टेशन भारत- नेपाल सीमा क्षेत्र पर अवस्थित है जहाँ से इस इलाके के दर्जनों ग्राम सहित नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के लोग भी प्रतिदिन रेलवे की यात्रा करते है। परन्तु इसके बावजूद यहाँ से गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव इन दोनों स्टेशनों पर नहीं होता हैं। ज्ञात हो कि मेरे क्षेत्र सहित उत्तर बिहार के लोग काफी संख्या में माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए कटरा की यात्रा करते है। परन्तु, यहाँ से गुजरने वाली ट्रेन संख्या - 15655/ 15656 कटरा- कामख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव भी घोड़ासहन और बैरगनिया स्टेशन पर नहीं होने से लोग रेलवे की सुविधा से वंचित हो रहे हैं। अतः माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि जनहित में ट्रेन संख्या - 15655/ 15656 कटरा- कामख्या एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव घोड़ासहन और बैरगनिया रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित करायी जाये जिससे कि यहाँ के लोगों की माता वैष्णो देवी धाम की यात्रा सुविधाजनक हो सके तथा इससे रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी।